"DDA's horticulture department is busy developing greens around the housing pockets to improve the quality of life for buyers. Besides, additional final touches are being given to housing blocks to add value. Apart from pursuing Municipal Corporation of Delhi for taking up the cleaning task in flats or areas under their jurisdiction, we are leaving no stone unturned to ensure green and clean surroundings in areas under our jurisdiction," said an official.

Officials reported that at least 1,650 out of nearly 9,000 flats offered in phase I of the Sasta Ghar Housing Scheme and Madhyam Vargiya Housing Scheme 2024 are being sold on a first-come, first-served basis. These flats are located in Jasola, Narela, Rohini, Loknayakpuram, Ramgarh, and Siraspur across various categories. Moreover, over 130 out of 169 flats offered through e-auction in the Dwarka Housing Scheme have been sold. These flats are in Sectors 14, 16B, and 19B of Dwarka under the Penthouse, HIG, Super HIG, and MIG categories.

"Over 1,200 LIG and 440 EWS flats were sold out in Sasta Ghar and Madhyam Vargiya Housing schemes, with Rohini leading where all 708 LIG flats were sold, while around 250 flats were booked in Narela. Ramgarh also received an impressive response; out of the 183 LIG flats in the scheme, 153 flats were sold. Among the EWS segment, around 300 flats were sold out in Narela, and all 139 flats offered in Loknayakpuram were also booked," informed officials.

"Lieutenant governor VK Saxena, who is constantly reviewing the status of housing schemes, also lauded our efforts in this direction and prioritised the need for serving the poor and not-so-well-off sections by offering EWS and LIG flats at a modest rate," said an official.

In Narela, the authority is working on developing educational institutions, a metro rail corridor, and improving road network connectivity, drainage, electrical connections, water supply, and sewerage networks.

Buyers can book flats through DDA's website www.dda.gov.in or call 1800110332. They can also find details about the flats, including location, category, nearby amenities, photos, videos, and directions, through the link https://eservices.dda.org.in/hs.html.

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

NAME OF NEWSPAPERS------ हिन्दुस्तान नई दिल्ली, सोमवार, 30 सितंबर 2024 ---DATED----------------------

### द्वारका सेक्टर-6, खड़खड़ी गांव और गीता कॉलोनी के पास तालाबों में दिख रही कई बदइंतजामी

# सड़कें लबालब पर जलाशय सूखे रह गए

**अनदेखी**

■ संजय कुशवाहा

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में मानसून के दौरान खूब बारिश हुई, लेकिन आसमान से बरसी इस नियामत को सहेजने में हम चूक गए। भारी बारिश के बावजूद दिल्ली के कई जलाशय अभी भी सूखे हैं। बारिश का पानी इन जलाशयों तक नहीं पहुंचा।

दिल्ली में इस बार मानसून की शुरुआत बेहद धमाकेदार रही। 28 जून को मानसून दिल्ली पहुंचा और पहले ही दिन 24 घंटे के भीतर 228 मिलीमीटर पानी बरसा। एक साथ इतना ज्यादा पानी बरसने से पूरी दिल्ली ही दरिया बन गई थी। आवासीय कॉलोनियों में भी घुटने तक पानी भरा और कई जगहों पर अंडरपास में बसों के डूबने लायक पानी जमा हो गया। बारिश के चलते होने वाली दुर्घटनाओं में लोगों को जान भी गंवानी पड़ी। जून के बाद जुलाई में बारिश आमतौर पर सामान्य रही, लेकिन अगस्त और सितंबर के महीने में भी जोरदार बारिश हुई। मौसम विभाग के आंकड़े बताते हैं कि अब तक मानसून के चारों महीने में दिल्ली की मानक वेधशाला सफदरजंग में कुल मिलाकर 1029.9 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की जा चुकी है।




द्वारका सेक्टर-6 स्थित तालाब के पास डीडीए ने सूचना बोर्ड लगा रखा है, जिसमें गहरे जलाशय में डूबने का खतरा बताया गया है, लेकिन हालत यह है कि राजधानी में हुई भारी बारिश के बाद भी थोड़ा पानी जमा नहीं हुआ। • हिन्दुस्तान

## पड़ताल में खराब मिले जलाशय

### जरा सा भी पानी नहीं

**द्वारका सेक्टर-6**

द्वारका सेक्टर छह के उद्यान में बनाए गए जलाशय की हालत अलग ही कहानी बयां करती है। यहां पर दिल्ली विकास प्राधिकण की ओर से लगाए गए बोर्ड में लिखा है कि जलाशय में गहरा पानी है। लोगों को अंदर नहीं जाने की सलाह भी दी गई है, लेकिन वास्तविकता यह है कि यह जलाशय पूरी तरह से सूखा पड़ा हुआ है।

### झाड़ियों से होता है सामना

**खड़खड़ी जटमल**

यहां पर तालाब में पेड़ और झाड़ियां उग आई हैं। पेड़ों और झाड़ियों के चलते तालाब तक पहुंचना भी मुश्किल हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पानी का रास्ता नहीं होने के चलते बरिश का पानी जलाशय में नहीं पहुंच रहा है। इसके चलते आसपास के क्षेत्रों में बारिश के समय पानी तो भर जाता है, लेकिन तालाब सूखा रह जाता हैं।

### रखरखाव नहीं हो रहा

**गीता कॉलोनी**

गीता कॉलोनी के नजदीक बनाए गए जलाशय की हालत भी कुछ ऐसी ही दिखाई देती है। मानसून का सीजन अब लगभग बीत चुका है। इसके बावजूद यहां पर जलाशय में केवल 25 फीसदी पानी ही भर सका है। जलाशय के किनारे घास और जलीय वनस्पतियां देखने को मिल रही है। जलाशय तक पानी पहुंचाने का रास्ता ही नहीं है।

**ये हैं कारण**

### पानी जाने का रास्ता नहीं होने से परेशानी

जलाशयों के खाली रह जाने के पीछे सबसे बड़ी वजह पानी का रास्ता नहीं बनाया जाना है। दरअसल, जिन रास्तों से बारिश का पानी जलाशयों-तालाबों में पहुंचता था, वहां पर निर्माण हो गया है या अन्य वजहों से वे छोटी-बरसाती नालियां बाधित हो गई हैं।



हम परिवार के साथ द्वारका सेक्टर छह में जलाशय देखने के लिए आए थे। पर यहां तो जलाशय पूरी तरह से सूखा हुआ है।

-रेणू कादियान, स्थानीय निवासी



तालाब में पानी जाने का उपाय नहीं किए जाने के चलते गांव का जोहड़ लगभग सूखा पड़ा है। इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

-लाल सिंह यादव, स्थानीय निवासी

### फ्लैटों की जानकारी के लिए कॉल कर सकते हैं

डीडीए की पहले आओ पहले पाओ आवासीय योजना में कई फ्लैटों के पंजीकरण और बुकिंग प्रक्रिया जारी है। फ्लैटों के बारे में जानकारी के लिए कॉल सेंटर नंबर 1800110332 पर कॉल कर सकते हैं। इस संबंध में डीडीए के नोडल अधिकारियों को भी तैनात किया गया है।

### कॉल सेंटर पर मिलेगी फ्लैटों के बारे में जानकारी

दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने आवासीय योजना के तहत फ्लैटों की जानकारी देने के लिए साइटों पर हेल्प डेस्क लगाए हैं। इसके साथ ही फ्लैट खरीदार डीडीए के कॉल सेंटर नंबर 1800110332 पर कॉल करके फ्लैटों के बारे में पूरी सूचना प्राप्त कर सकते हैं।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । सोमवार, 30 सितंबर 2024

NAME OF NEWSPAPERS-------------------------------------------DATED---------------------

# नजफगढ़ ज़ोन में अवैध निर्माण पर होगा ऐक्शन

Rajesh.Saroha@timesofindia.com

AI Image



मॉनिटरिंग कमिटी ने किया दौरा, डीसी को ऐक्शन टेकन रिपोर्ट जमा करने का दिया आदेश

■ **नई दिल्ली :** मॉनिटरिंग कमिटी को नजफगढ़ जोन के निरीक्षण के दौरान हर तरफ मास्टर प्लान और बिल्डिंग बायलॉज की धज्जियां उड़ती हुई दिखी। जोन मे कई जगहों पर अवैध निर्माण हो रहा था, यहां तक कि एग्रीकल्चर लैंड मे भी। जब कमिटी ने बिल्डिंग विभाग के अधिकारियो से सवाल किया, तो अधिकारियो ने बताया कि अवैध निर्माण वाली बिल्डिंग को नोटिस दिया जा चुका है। यह सुनकर कमिटी के सदस्य हैरान रह गए कि नोटिस के बावजूद मौके पर अवैध निर्माण जारी था। मॉनिटरिंग कमिटी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए डिप्टी कमिश्नर को पूरे जोन का सर्वे कर ऐक्शन टेकन रिपोर्ट जमा करने का आदेश दिया है।

मॉनिटरिंग कमिटी ने महिपालपुर, एनएच-48, रजोकरी, समालखा, कापसहेड़ा, बिजवासन, बामनोली, भरथल, ढुल सिरस, पोचनपुर और द्वारका समेत अन्य इलाकों का निरीक्षण किया। इस दौरान नजफगढ़ जोन के डिप्टी कमिश्नर, बिल्डिंग विभाग के अधिकारी, डीडीए के लैंड एंड मैनेजमेंट के डायरेक्टर, एसडीएम द्वारका और एसडीएम कापसहेड़ा के साथ-साथ दिल्ली पुलिस के अधिकारी भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान महिपालपुर और वसंत कुंज बायपास रोड पर सड़क के दोनों ओर मास्टर प्लान 2021 की जमकर अनदेखी होती मिली। कमिटी को जगह-जगह अवैध निर्माण और नॉन-नोटिफाइड रोड पर कमर्शल गतिविधियां चलती मिलीं। महिपालपुर में गेस्ट हाउसों की भरमार है, जहां सड़क पर अतिक्रमण मिला। डीडीए की जमीन पर अवैध पार्किंग और निर्माण सामग्री पड़ी मिली।

## नोटिस के बाद भी बंद नहीं किया कंस्ट्रक्शन

**जब मॉनिटरिंग कमिटी ने एनएच-48 पर स्थित सेलिब्रेशन गार्डन का मुआयना किया, तो वहां भी बड़े पैमाने पर अवैध निर्माण पाया गया। कमिटी ने जब बिल्डिंग विभाग के अधिकारियों से सवाल जवाब किया तो उन्होंने बताया कि गार्डन को पहले ही नोटिस दिया जा चुका है, लेकिन इसके बावजूद निर्माण जारी था। कमिटी ने इस पर गहरी नाराजगी जताते हुए डिप्टी कमिश्नर को तुरंत अवैध निर्माण रुकवाने के निर्देश दिए। इसी तरह शादी-पार्टियों के लिए बने अन्य मोटल और गार्डनों में भी अवैध निर्माण देखने को मिला। मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए कमिटी ने डिप्टी कमिश्नर को पूरे जोन का सर्वे कर जल्द से जल्द ऐक्शन टेकन रिपोर्ट जमा करने को कहा है, ताकि जोन में हो रही अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाई जा सके।**

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

NAME OF NEWSPAPERS------------ । संडे नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । 29 सितंबर 2024 ----DATED--------------------

### HC ने रोहिणी स्थित तुलसी अपार्टमेंट के संत तुलसीदास सोसायटी को लगाई फटकार

# फ्लैट का पजेशन दिए बगैर मेंटिनेंस की डिमांड नहीं कर सकती सोसायटी: HC

Prachi.Yadav@timesofindia.com


AI Image

■ नई दिल्ली : एक व्यक्ति को उसके फ्लैट का पजेशन दिए बिना उससे मेंटिनेंस मांगने पर संबंधित सोसायटी को दिल्ली हाई कोर्ट ने कड़ी फटकार लगाई है। कोर्ट ने सोसायटी से सवाल किया कि वह ऐसा कैसे कर सकती है। यह व्यक्ति 33 से भी अधिक सालों से अपना फ्लैट मिलने का इंतजार कर रहा है।

चीफ जस्टिस मनमोहन की अध्यक्षता वाली डिविजन बेंच ने रोहिणी, सेक्टर 14 में स्थित तुलसी अपार्टमेंट के संत तुलसीदास कोऑपरेटिव ग्रुप हाउसिंग सोसायटी को निर्देश दिया कि वह सात दिनों के भीतर याचिकाकर्ता हेमंत कुमार अग्रवाल को उनका फ्लैट सौंपे, उसके बाद मेंटिनेंस के मुद्दे पर दोनो पक्ष आपस मे चर्चा करें। इस प्रक्रिया मे दोनो पक्षो के हितो की समान सुरक्षा के मकसद से कोर्ट ने कहा कि उसके बाद सोसायटी मेंटिनेस के मुद्दे पर अपने कानूनी अधिकारो का इस्तेमाल करने के लिए स्वतंत्र होगी।

मौजूदा मामले में प्रमुख मुद्दा यह था कि क्या उक्त ग्रुप हाउसिंग सोसायटी याचिकाकर्ता को उसके फ्लैट का पजेशन दिए बिना उससे मेंटिनेंस चार्ज और अन्य खर्चो के भुगतान की मांग कर सकती है। दूसरा विवाद, इस बात को लेकर उठा कि क्या कानूनी कार्यवाही में असफल रहने के बाद सोसायटी मुकदमे बाजी में हुए अपने खर्च की वसूली याचिकाकर्ता से करने की अधिकारी है। रजिस्ट्रार कोऑपरेटिव सोसायटी के रजिस्ट्रार इसमें प्रमुख उत्तरदायी पक्ष है, जिनकी ओर से एडवोकेट प्रशांत मनचंदा ने कोर्ट को बताया कि 29 अप्रैल, 2024 को ही संबंधित सोसायटी को इस मुद्दे पर नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया था। 6 मई, 2024 को पारित आदेश में हाई कोर्ट संबंधित सोसायटी के प्रेसिडेंट और सेक्रेटरी को व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में पेश होने का निर्देश दिया था।

**क्या है मामला :** केस के तथ्यों के मुताबिक, पिछले 33 सालों में पहले तो याचिकाकर्ता की मां संबंधित सोसायटी में अपना घर पाने की चाह में इस दुनिया से चली गईं, जिसका पजेशन 1991 में उन्हें मिलना था। उनके देहांत के बाद सोसायटी की मेंबरशिप याचिकाकर्ता के नाम पर ट्रांसफर हो गई। पर हाई कोर्ट आदि के अपने पक्ष में फैसले आने के बावजूद उन्हें फ्लैट नहीं सौंपा गया। सोसायटी पर आरोप लगाया कि उसने हाई कोर्ट के 29 नवंबर 2023 के आदेश का पालन करने की बजाय उन्हें 13 मार्च, 2023 में 4,33,991 रुपय का कथित तौर पर अवैध डिमांड नोटिस भिजवा दिया, जिसमें नवंबर 2016 से लेकर मेंटिनेंस चार्ज, उस पर ब्याज के साथ लिटिगेशन चार्ज, पार्किंग चार्ज आदि भी शामिल हैं। याचिकाकर्ता ने डीडीए पर भी कोर्ट के आदेश की अनदेखी का आरोप लगाया।

**NBT Lens** समझिए खबरों के अंदर की बात

### मेंटिनेंस पर HC का रुख साफ

सोसायटियों में मेंटिनेंस चार्ज एक ऐसा मुद्दा है, जिसे लेकर आए दिन कोई न कोई विवाद होता है। इस मुद्दे पर दिल्ली हाई कोर्ट का रुख साफ है। मौजूदा मामले में कोर्ट ने संबंधित सोसायटी को मेंटिनेंस की मांग करने पर फटकार लगाई, क्योंकि एक व्यक्ति 33 साल से भी अधिक समय से अपने फ्लैट के पजेशन के लिए संघर्ष कर रहा है और मामले में अदालत के कई फैसले उसके पक्ष में आए हैं। पर, इसी HC ने एक दिन पहले एक व्यक्ति का पक्ष सुनने से इनकार कर दिया था, क्योंकि वह सोसायटी में रहते हुए मेंटिनेंस चार्ज नहीं दे रहा था। कोर्ट का कहना था कि इतनी बड़ी सोसायटियों के रखरखाव से जुड़े कामों में काफी खर्च होता है।

# DDA : नरेला के फ्लैटों को मिला रिस्पॉन्स

## अब तक 600 से अधिक फ्लैट्स को लोगों ने खरीदा

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

डीडीए की तीनों हाउसिंग स्कीम को इस बार अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। यहां तक की नरेला मे भी 600 से अधिक फ्लैट्स बिक चुके है। डीडीए के मुताबिक, ईडब्ल्यूएस, एलआईजी और एमआईजी सेगमेंट के फ्लैट्स तेजी से बुक हो रहे हैं।

बीते कई सालो से नरेला में बने फ्लैट्स डीडीए के लिए परेशानी का सबब बने हुए थे। एलजी वीके सक्सेना ने इन फ्लैट्स की कमियो को पहचान कर उन्हें दूर करवाया और अब यह फ्लैट्स भी तेजी से बिक रहे हैं। डीडीए के अनुसार जसोला के सभी एचआईजी फ्लैट्स, रोहिणी के सभी एलआईजी फ्लैट्स और अब लोकनायकपुरम के सभी ईडब्ल्यूएस फ्लैट्स पूरी तरह बिक चुके है। इसके अलावा द्वारका के पेंटहाउस, सुपर एचआईजी और एचआईजी फ्लैट्स भी पूरी तरह बिक चुके है। 600 से अधिक फ्लैट्स नरेला मे बिक चुके है।



■ लोकनायकपुरम के सभी ईडब्ल्यूएस फ्लैट्स पूरी तरह बिक चुके है

■ द्वारका के पेंटहाउस, सुपर एचआईजी और एचआईजी फ्लैट्स भी बिके

### कहां कितने फ्लैट्स बिके

सस्ता घर स्कीम मे 1200 से अधिक एलआईजी फ्लैट्स, मध्यम वर्गीय हाउसिंग स्कीम मे 440 से अधिक ईडब्ल्यूएस फ्लैट्स बिक है। रोहिणी मे सभी 708 एलआईजी फ्लैट्स बिक चुके है। नरेला मे 250 से अधिक एलआईजी फ्लैट्स बिके है। रामगढ़ मे भी 183 एलआईजी फ्लैट्स मे से 153 फ्लैट्स बिक चुके है। ईडब्ल्यूएस सेगमेंट मे नरेला मे 300 के करीब फ्लैट्स बिके है।

### रिजर्व प्राइज से ज्यादा मिला

बुकिंग शुरू होते ही पहले ही दिन जसोला के सभी एचआईजी फ्लैट्स बिक गए थे। द्वारका में उपलब्ध एक मात्र पेंटहाउस, 3 सुपर एमआईजी, 18 एचआईजी और अधिकांश एमआईजी फ्लैट्स बिड के जरिए बिक गए हैं। द्वारका हाउसिंग स्कीम में 169 प्रीमियम फ्लैट्स के लिए 2000 के करीब लोगों ने ईएमडी कर बिड में हिस्सा लिया था। यहा फ्लैट्स रिजर्व प्राइज से काफी अधिक ऊंचे बिके हैं।

**NBT Lens** समझिए खबरों के अंदर की बात

### अब कैसे मिल रहा इतना अच्छा रिस्पॉन्स?

कुछ समय पहले तक नरेला राजधानी का उपेक्षित इलाका था। वहा न तो बुनियादी सुविधाएं थी और न वह दिल्ली के बाकी हिस्सो से अच्छी तरह से जुड़ा था। ऐसे मे लोगो ने नरेला के फ्लैट्स मे कोई दिलचस्पी नही दिखाई। लेकिन बीते कुछ सालो मे नरेला के विकास पर काफी काम हो रहा है। नरेला को एक सब सिटी की तर्ज पर तैयार किया जा रहा है। आने वाले समय मे यह दिल्ली का एजुकेशनल हब बनेगा। यहा कई सस्थान शुरू हो चुके है और कुछ अन्य प्रोजेक्ट पाइपलाइन मे है। डीएमआरसी की रिठाला-नरेला-कोंडली कॉरिडोर को नरेला फ्लैट्स से जोड़ा जा रहा है। अर्बन एक्सटेंशन रोड को भी नरेला से जोड़ा जा रहा है।

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

NAME OF NEWSPAPERS------------- नई दिल्ली, 29 सितंबर, 2024 दैनिक जागरण

# एम्स फ्लाईओवर से यातायात का रेला, गाजीपुर में टोल के खेल में फंस रहे वाहन चालक

स्वच्छ वायु के बाटलनेक

अजय राय • जागरण

नई दिल्ली: फ्लाईओवर के जाल में कई मार्गों के यातायात को निकलने की उचित व्यवस्था न हो तो जाम झेलना पड़ेगा। ऐसा ही एम्स के पास बहुमार्गीय फ्लाईओवर के पास सफदरजंग अस्पताल के सामने हो रहा है। छह लेन का ट्रैफिक तीन लेन में निकलता है। उधर, गाजीपुर के पास एमसीडी के टोल बैरियर के कारण लोग जाम में फंस रहे हैं।



सफदरजंग के पास तीन ओर से ट्रैफिक आता है। इसके प्रबंधन को वहां टीम रहती है। अतिक्रमण हटाने के साथ यातायात प्रबंधन के अन्य विकल्प देखे जा रहे हैं।
–अजय चौधरी, विशेष आयुक्त, यातायात

## सफदरजंग के सामने छह लेन का यातायात तीन लेन में आ रहा

एम्स फ्लाईओवर पर बारापुला से धौलाकुआं की ओर जाने वाला दो लेन का यातायात, साउथ एक्स से धौलाकुआं जाने वाला दो लेन का ट्रैफिक और ग्रीन पार्क की ओर से धौलाकुआं जाने वाला दो लेन का तीन तरफ से ट्रैफिक यानी कुल छह लेन का यातायात रिंग रोड पर सफदरजंग अस्पताल के सामने एक साथ तीन लेन में मिलता है। ऐसे में, यहां वाहनों को ठूंसे जाने जैसी स्थिति बन जाती है। वाहनों के धुएं से वायु प्रदूषण बढ़ता है। इससे सफदरजंग अस्पताल के सामने जाम लगता है। इसके बाद यहीं पर एम्स का ट्रामा सेंटर है, जहां गंभीर मरीजों को भर्ती किया जाता है। यहां जाम पूरे दिन रुक रुक कर लगता रहता है। व्यस्त समय में यह जाम पीछे साउथ एक्स तक पहुंच जाता है। यहां के सर्विस रोड पर रेहड़ी वालों कब्जा रहता है। इससे मरीज और तीमारदार भी फंसते हैं। यहीं पर सफदरजंग के सामने किदवई नगर इलाके में रिहायश के साथ आफिस भी खुल रहे हैं। इससे दूसरी तरफ भी आने वाले वाहनों की संख्या बढ़ेगी। यहां सड़क के दोनों तरफ जाम की समस्या बढ़ेगी। यातायात विशेषज्ञों के अनुसार, किसी भी जंक्शन पर कई तरफ से आने वाले यातायात को मिलाने से जाम की समस्या होगी। इसलिए जरूरी है कि अलग-अलग दिशाओं से आने वाले यातायात को एक जगह एक साथ न मिलाकर आगे पीछे मिलने दिया जाए। इससे धीरे-धीरे वाहन एक ही मार्ग पर आ जाते हैं।



सफदरजंग अस्पताल के सामने बने बाटलनेक के कारण लगा जाम • जागरण

## गाजीपुर में एमसीडी के टोल वैरियर से और दूर हो रही दिल्ली

एम्स फ्लाईओवर से करीब 15 किमी दूरी पर गाजीपुर के पास भी एनएच नौ पर जाम से वाहन चालक परेशान हैं। व्यस्त समय में नोएडा-गाजियाबाद की ओर से आने वाले वाहन यहां एमसीडी के टोल बैरियर के पास अटक जाते हैं, जिससे यहां लंबा जाम लग जाता है। यहां टोल वसूलने के लिए दिल्ली मेरठ एक्सप्रेसवे (डीएमई) पर भी कर्मी खड़े रहते हैं। एनएच नौ पर जाम के दौरान यूपी बार्डर से दिल्ली जाने वाले वाहन डीएमई पर चले आते हैं और एक्सप्रेसवे बाईं तरफ वाली लेन में इस तरह के वाहनों टोल के लिए कतार लगी रहती है। ऐसे में व्यस्त समय में एक्सप्रेसवे पर भी यहां जाम लगता है। टोल कर्मी डीएमई से गुजर रहे किसी व्यावसायिक वाहन को रोकने के लिए बीच लेन में भी घुस जाते हैं। ऐसा करने पर एक्सप्रेस वे पर करीब 300 से 500 वाहन प्रभावित होते हैं। वहीं, एनएच नौ पर लंबी लंबी कतारों में वाहन चालक फंसे रहते हैं। इसी क्रम में रात में नो एंट्री खुलने से पहले इस टोल से पहले यूपी गेट तक भारी वाहन सड़क पर आकर एक ओर खड़े हो जाते हैं, जिसके कारण भी एनएच नौ पर लंबा जाम लगता है। इसी क्रम में नो एंट्री हटने के इंतजार में डीएमई पर भी वाहन खड़े रहते हैं। एमसीडी का कहना है कि [illegible] अधिग्रहण की प्रक्रिया चल रही है और [illegible] लेकिन अभी इसमें कुछ नहीं हो पाया है।




गाजीपुर के पास टोल बैरियर पर रास्ता संकरा होने से लगता है जाम • जागरण

### एक नजर में

## आवासीय क्षेत्र के पास हरित क्षेत्र विकसित करेगा डीडीए

नई दिल्ली: रक्षाबंधन के अवसर पर डीडीए द्वारा शुरू की गई आवासीय योजनाओं को लेकर लोग रुचि दिखा रहे हैं। डीडीए अधिकारियों का कहना है कि हरित और स्वच्छ दिल्ली को सुनिश्चित करने के लिए डीडीए आवासीय क्षेत्र के आसपास हरित क्षेत्र विकसित किया जा रहा है। डीडीए के अनुसार सस्ता घर और मध्यम वर्गीय आवासीय योजना के अंतर्गत 1200 से अधिक एलआइजी और 440 ईडब्ल्यूएस फ्लैट बिक गए। रोहिणी के सभी 708 एलआइजी फ्लैट और नरेला में करीब 250 फ्लैट बुक हुए। रामगढ़ में 183 एलआइजी फ्लैट में से 153 फ्लैट बिक गए हैं। 10 सितंबर से आवासीय योजना की बुकिंग शुरू हुई थी। (वि)

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

NAME OF NEWSPAPERS------- हिन्दुस्तान नई दिल्ली, रविवार, 29 सितंबर 2024 ---DATED---------------------

# ईदगाह पार्क में प्रतिमा स्थापित करने के लिए निर्माण शुरू

## तैयारी

नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता। दिल्ली के सदर बाजार में ईदगाह के पास स्थित पार्क में झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा स्थापित करने की तैयारी शुरू हो गई है। शनिवार को कड़ी सुरक्षा के बीच नगर निगम ने चारदीवारी का काम शुरू कर दिया।

निगम के वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, डीडीए की जमीन पर काम शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि उच्च न्यायालय ने वक्फ बोर्ड के दावे को खारिज कर दिया। इसमें ईदगाह के पास स्थित पार्क की जमीन पर दावा किया गया था। कोर्ट के फैसले के बाद चारदीवारी का काम शुरू कर दिया है।



ईदगाह के पास पार्क में इस प्रतिमा को स्थापित किया जाएगा। • हिन्दुस्तान

इस कार्य को निगम के साथ डीडीए के अधिकारी और दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के सहयोग से किया गया। पार्क में रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा को स्थापित करने के लिए एक प्लेटफार्म तैयार किया जा रहा है। इसके बाद रानी झांसी लक्ष्मीबाई स्मारक समिति प्रतिमा लगाने का कार्य शुरू करेगी। विर्ष 2019 में रानी झांसी फ्लाईओवर के पास स्थित गोलचक्कर पर लगी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा को स्थानांतरित करने का प्रस्ताव लाया गया था।

### सुरक्षा के बंदोबस्त के बीच इलाके में निगरानी

निर्माण के दौरान दिल्ली पुलिस और अर्धसैनिक बलों की टुकड़ियों को तैनात किया गया। दिल्ली पुलिस के अधिकारी ने बताया कि रैपिड एक्शन फोर्स की तीन कंपनी, दिल्ली पुलिस की तीन प्लाटून एवं सीआरपीएफ की महिला जवानों की एक प्लाटून तैनात की गई। इस दौरान डीसीपी मनोज कुमार मीना एवं एडिशनल डीसीपी सुधांशु वर्मा लगातार स्थितियों पर नजर बनाए हुए थे। इसके लिए ड्रोन कैमरों की भी मदद ली गई।

### जाम लगने की वजह से स्थानांतरण का फैसला

निगम के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि प्रतिमा को हटाने का फैसला, इसलिए किया गया क्योंकि गोलचक्कर पर आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती थी। इसके बाद स्थायी समिति में प्रतिमा को मौजूदा स्थान से स्थानांतरित करने का फैसला लिया गया। इसके लिए निगम ने डीडीए से जगह का अनुरोध किया था। डीडीए ने प्रतिमा को स्थानांतरित करने के लिए ईदगाह के पास स्थित पार्क में जमीन दे दी थी।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

THE TIMES OF INDIA, NEW DELHI
SATURDAY, SEPTEMBER 28, 2024

NAME OF NEWSPAPERS---------------------------------------------DATED----------------------

# Smriti Van's poor condition led to loss of crores: Plea

Kushagra.Dixit@timesofindia.com

**New Delhi:** A south Delhi resident, who had moved National Green Tribunal (NGT) highlighting the degradation of Smriti Van and the pollution in Machli Talab inside it, has raised several objections to a report filed by the forest department and the inability of Delhi Development Authority (DDA) to fix the issues.

Alleging negligence by the authorities towards the preservation of the reserved forest area spread over 34 acre in Vasant Kunj, petitioner Amit Aggarwal, in a report submitted to NGT on Sept 14, also estimated the monetary or economic loss at Rs 920 crore in 20 years and urged the tribunal to put it on the record and constitute an expert committee to assess further damages in terms of economic loss.

It also highlighted that the sewage treatment plant was not functioning properly and demanded that the officers responsible should be held liable for the damages and fined.

Aggarwal, a resident of Vasant Kunj, approached NGT in 2022, requesting the maintenance and reinstatement of Smriti Van and removal of all non-forest activities like religious ceremonies, lighting, DJs, etc. The petition also highlighted pollution in Machli Talab, a six-acre natural fish pond. He alleged DDA was maintaining Smriti Van like a park while it was declared a reserve forest under South Central Ridge in 1994, which meant that the plantation and maintenance must be done as per a forest area and non-forest activities must not be allowed.

Delhi Pollution Control Committee (DPCC) told NGT in Sept that the dissolved oxygen in water was nil and ammoniacal nitrogen was not meeting the standards in Machli Talab. DPCC said that as untreated sewage was falling into the pond, it had written to Delhi Jal Board and DDA. Dissolved oxygen is the amount of oxygen present in a waterbody and aquatic life cannot survive if dissolved oxygen is nil.

File photo



**IN BAD SHAPE**

"Besides the lake and other amenities, there is at least 20 acre. There should have been three-layered plantation and the standards for plantation is to have 400 canopy trees, 800 mid-level trees and 1,200 shrubs per acre. By this calculation, there should be at least 8,000 canopy trees alone. But Smriti Van has only 3,600, of which 2,400 were recently planted, after we took the matter to the tribunal," said Aggarwal.

A Supreme Court expert committee has assessed the economic value of a tree at Rs 74,500 per year, and hence, in 10 years, there is an economic loss of Rs 14,90,000 per tree, and of Rs 9,68,50,00,000 in 20 years, he claimed. "This is the total environmental loss and loss to the quality of human life in Delhi," he alleged.

# DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
## LIBRARY
## PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS—— दैनिक जागरण नई दिल्ली, 30 सितंबर, 2024 ——DATED——


## दिल्ली विकास प्राधिकरण

डी.एन. नं.: 06/2024/पीबी-1/डीडीए एवं डी.एन. नं.: 08/2024/पीबी-1/डीडीए

### रिक्ति सूचना

**डीडीए में प्रतिनियुक्ति आधार पर मुख्य विधि सलाहकार के पद और उप मुख्य विधि सलाहकार (7वें सीपीसी के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में लेवल-12) के 1 प्रत्याशित पद को भरने के संबंध में आवेदन की अंतिम तिथि में विस्तार**

1. दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा रिक्ति सूचना डी.एन. नं. 06/2024/पीबी-1/डीडीए दिनांक 10.07.2024 (प्रति संलग्न) द्वारा डीडीए में प्रतिनियुक्ति आधार पर ग्रेड वेतन रु. 8700/- के साथ पीबी-4 (7वें सीपीसी के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में लेवल-13 में संशोधित) में मुख्य विधि सलाहकार के पद को भरने के लिए केंद्र/राज्य सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों/अर्ध-सरकारी/स्वायत्त या वैधानिक निकायों के तहत कानूनी विषयों/मामलों को निपटाने से जुड़े पात्र अधिकारियों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किये गये हैं और इसके लिए पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 29.07.2024 थी। अब इसे बढ़ाकर **15.10.2024** तक कर दिया गया है।

2. दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा रिक्ति सूचना डी.एन. नं. 08/2024/पीबी-1/डीडीए दिनांक 16.07.2024 (प्रति संलग्न) के माध्यम से डीडीए में प्रतिनियुक्ति आधार पर ग्रेड वेतन रु. 7600/- के साथ पीबी-3, रु. 15600-39100 (7वें सीपीसी के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में लेवल-12 में संशोधित) में उप मुख्य विधि सलाहकार के 01 पद को भरने के लिए केंद्र/राज्य सरकार/अर्ध-सरकारी/केन्द्रशासित प्रशासन/सांविधिक संगठनों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/स्वायत्त निकायों में कार्यरत योग्य अधिकारियों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किये गये हैं और इसके लिए पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 27.08.2024 थी। अब इसे बढ़ाकर **15.10.2024** तक कर दिया गया है।

उपर्युक्त पदों के संबंध में आवेदन के प्रारूप के साथ आवश्यक योग्यता, अधिकतम आयु सीमा और अनुभव आदि की पूरी अधिसूचना डीडीए की वेबसाइट **www.dda.gov.in** पर उपलब्ध है। उपर्युक्त रिक्ति अधिसूचना की अन्य सभी निबंधन एवं शर्तें समान रहेंगी।

ह0/-
**आयुक्त (कार्मिक)**

ddaofficial official dda official dda पर हमें फॉलो करें
कृपया हमारी वेबसाइट www.dda.gov.in देखें या टोल फ्री नंबर 1800110332 डायल करें